साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-09 अंक-104 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## Legal General Knowledge

## कॉपीराइट अधिकार अधिनियम, 1957 क्या है, संक्षिप्त में पढ़िए

जब कोई व्यक्ति अपनी बौद्धिक संपदा अर्थात अपने दिमाग के कारण कोई लेख, कविता, नाटक, कहानी, भाषण, वीडियो, पुस्तक आदि लिखता है तब उसकी लिखी रचना की कोई नकल नहीं कर सके क्योंकि उस रचना को उसने स्वयं के विवेक द्वारा लिखी है उसकी बौद्रिक संपत्ति को सुरक्षा के लिए कॉपीराइट अधिकार अधिनियम,1957 बनाया गया।



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

कॉपीराइट के उल्लंघन के लिए दण्ड

अगर कोई व्यक्ति किसी लेखक (कोई भी व्यक्ति के निजी विचार आदि) की रचना, कहनी, पुस्तक, भाषण, वीडियो को स्वंय के नाम से छापता है या कॉपीराइट करता है वह सिविल एवं आपराधिक दोनो प्रकार से दण्डित किया जा सकता है।

1. सिविल दण्डः- अधिनियम की धारा 55 अनुसार पीड़ित व्यक्ति क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है एवं धारा-57 के अनुसार लेखक अपनी रचना का दावा कर सकता है।

2. आपराधिक दण्डः अधिनियम की धारा 63 के अंतर्गत कॉपीराइट करने वाले व्यक्ति को तीन वर्ष की सजा एवं दो लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

नोटः अधिनियम की धारा 64 के अंतर्गत कॉपीराइट करने वाले व्यक्ति को पुलिस अधिकारी गिरफ्तार कर सकता है एवं उसे सक्षम न्यायालय में पेश करेगा।

### राज्यपाल ने बंदियों के साथ सुना वर्ष का पहला 'मन की बात' कार्यक्रम

# मन की बात आशा, विश्वास और आत्मबल जगाने वाला राष्ट्रीय अभियान : राज्यपाल पटेल








भोपाल।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' केवल एक प्रसारण नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के भीतर आशा, विश्वास और आत्मबल जागृत करने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम संदेश देता है कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, परिवर्तन की शुरुआत व्यक्ति के भीतर से ही होती है। व्यक्ति की पहचान केवल उसके अतीत से नहीं, बल्कि उसके वर्तमान संकल्प और भविष्य की दिशा से तय होती है। यही दृष्टिकोण सरकार के कारागार सुधार और बंदी पुनर्वास से जुड़े सभी प्रयासों की आधारशिला है। राज्यपाल श्री पटेल रविवार को केन्द्रीय जेल भोपाल में बंदियों को प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के वर्ष 2026 के पहले प्रसारण से पूर्व संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सचिव जेल श्री मनीष सिंह, राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव और अतिरिक्त महानिदेशक जेल श्री अखितो सेमा भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि आत्म-चिंतन, आत्म-सुधार और आत्म-निर्माण का अवसर हैं। उन्होंने बंदियों से आह्वान किया कि वे 'मन की बात' के संदेश को आत्मसात करें।

### पुष्प-गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया राज्यपाल का स्वागत

कारावास के समय को निराशा से मुक्त होकर आशा, आत्म-परिवर्तन और नव-निर्माण का अवसर बनाएं। यह समय जीवन को नई दिशा देने का अवसर है। राज्यपाल श्री पटेल कहा कि आत्म-सुधार का संकल्प ही व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में सम्मान और स्वाभिमान के साथ पुनः स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को भविष्य के जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में तैयार करने की दिशा में कौशल विकास, औद्योगिक प्रशिक्षण, रोजगारोन्मुख गतिविधियों, स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन और विधिक सहायता की व्यवस्था की गई है। राज्यपाल श्री पटेल ने मध्यप्रदेश सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह विधेयक-2024 तथा भारत सरकार के मॉडल प्रीजन एंड करेक्शनल सर्विस एक्ट-2023 के क्रियान्वयन और मध्यप्रदेश को वर्ष में 5 बार बंदियों की रिहाई की अभिनव पहल करने वाला देश का पहला राज्य बनने को अत्यंत मानवीय और दूरदर्शी कदम बताया।

### बंदियों की रिहाई की पहल के लिए आभार ज्ञापित किया

भारत सरकार की गरीब बंदी सहायता योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने में मध्यप्रदेश संपूर्ण देश में प्रथम स्थान पर है। नवीन जेल नियमावली के निर्माण सहित प्रदेश में पहली बार सभी 125 जेलों में त्रिस्तरीय सुरक्षा ऑडिट 01 जनवरी से 15 जनवरी 2026 के मध्य संपादित किया गया। यह सुरक्षा ऑडिट प्रत्येक वर्ष में 2 बार संपादित किया जायेगा। नशीली सामग्री के स्थान पर वैकल्पिक खाद्य पदार्थ जेलों में स्थापित कैंटिन के माध्यम से प्रदान करना जैसे नवाचार किए गए है। बंदियों के आध्यात्मिक तथा मानसिक शांति एवं विकास के लिए सभी जेलों में गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता के पाठ कराया जाता है। इसी क्रम में आगामी 6 फरवरी को केन्द्रीय जेल, इंदौर में आयोजित होने जा रहे गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के विशेष प्रवचन का सीधा प्रसारण प्रदेश की केन्द्रीय एवं सर्किल जेलों में किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में बंदियों की रिहाई की पहल के लिए राज्यपाल श्री पटेल का आभार ज्ञापित किया। राज्यपाल को बंदियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह भेट किया। आभार प्रदर्शन केन्द्रीय जेल भोपाल अधीक्षक राकेश कुमार ने किया।

## MP CIVIL SERVICES (Conduct) RULES

## 1965- यदि सरकारी कर्मचारी अशोभनीय कार्य करें तो किस नियम के तहत कार्रवाई होगी पढ़िए

शासकीय कर्मचारियों के बारे में अक्सर शिकायत आती है कि वह आम जनता से ठीक प्रकार से व्यवहार नहीं करते। कई बार आम नागरिकों को धमकाते हैं और अभद्र भाषा में बात करते हैं। कभी-कभी द्विअर्थी शब्दों का भी उपयोग करते हैं। ज्यादातर आम नागरिकों को यह पता नहीं होता कि उनके खिलाफ शिकायत कहां और किस नियम के तहत करनी है। अज्ञानता के कारण लोग ठीक प्रकार से शिकायत नहीं कर पाते और इसीलिए कार्रवाई नहीं होती। हम आपको बताते हैं कि इस प्रकार के कर्मचारियों के खिलाफ किस नियम के तहत शिकायत करेंगे ताकि कर्मचारी को पर्याप्त दंड प्राप्त हो। (यहां कर्मचारी से तात्पर्य मध्य प्रदेश शासन के सभी कर्मचारी) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965-नियम 3 की परिभाषा शासकीय सेवक की निम्न कर्तव्य



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

करने की अपेक्षा करती है।

1. पूर्ण रूप से कर्तव्यनिष्ठ रहे।

2.अपने कर्तव्यों का पालन करे।

3.ऐसा कोई कार्य नहीं करे जो उसके लिए अशोभनीय (शोभा या मान सम्मान के अनुरूप) हो।

मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965-नियम 3 क की परिभाषा-

उपर्युक्त धारा के अनुसार शासकीय सेवक से तत्परता एवं शिष्टाचार व्यवहार करने की अपेक्षा करती है निम्न नियमो से-

1. अपने पद के अनुसार कार्य करे एवं किसी से अव्यवहारिक तरीके से बात न करे।

2. जनता द्वारा दिये गए कार्य या शिकायत को समय पर पूरा करे किसी भी प्रकार से अपने पद का दुरुपयोग न करे। न ही जा जानबूझकर किसी जनता के काम में देरी करे।

3. शासकीय सेवक ऐसा कोई भी कार्य न करे जिससे कि उसकी अनुशासनहीनता भांग हो।

4. शासकीय सेवक को अगले कोई आवास दिया गया है वह इसे किराये पर नहीं दे सकता है न ही पट्टे भी नहीं देगा। न ही किसी अन्य अधिभोग या उपभोग के लिए इजाजत

## तांबे के बर्तन में पानी पीने के सही तरीके से फ़ायदा हो, नुकसान नहीं जानें क्या है सही तरीका ?

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

तांबे की बोतल में रखा पानी पीना आयुर्वेद में फायदेमंद माना गया है, लेकिन गलत तरीका अपनाने पर यही आदत नुकसान भी कर सकती है। इसलिए तांबे का पानी कैसे और कितना पीना है-यह जानना ज़रूरी है। सही तरीका क्या है? तांबे की बोतल में रात को साधारण पीने का पानी भरें और उसे 6-8 घंटे तक रहने दें। सुबह खाली पेट एक गिलास (200-250 ml) पानी पीना सबसे बेहतर माना जाता है। इससे पाचन सुधरता है, इम्युनिटी को सपोर्ट मिलता है और शरीर में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया कम होते हैं। कितना पीना चाहिए दिनभर सिर्फ़ तांबे का पानी पीना सही नहीं है। ज़्यादा मात्रा में तांबा शरीर में जमा होकर कॉपर टॉक्सिसिटी का कारण बन सकता है। इसलिए दिन में



1-2 गिलास से ज़्यादा नहीं।साफ़-सफ़ाई बेहद ज़रूरी तांबे की बोतल को रोज़ केमिकल से न धोएँ। हफ्ते में 1-2 बार नींबू + नमक या इमली से अंदर साफ़ करें, फिर अच्छी तरह पानी से धो लें। ध्यान रखेंतांबा फ़ायदा देता है सही मात्रा और सही तरीके से। गलत इस्तेमाल में, वही फ़ायदा नुकसान बन सकता है।

# स्वास्थ्यविभाग भोपाल की सार्थक पहल बिना हाथ के दिव्यांगों को लगाए निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हाथ




रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन
भोपाल मध्य प्रदेश

स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा 26 और 27 जनवरी को लगाए गए विशेष शिविर में बिना हाथ के 113 लोगों को इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक हैंड्स लगाये गए। सिविल अस्पताल हथाईखेड़ा में आयोजित इस शिविर में बिना हाथ के जन्मे या दुर्घटना में हाथ गंवाने वाले लोगों को ये सेवा निशुल्क दी गई। शिविर इनाली फाउंडेशन के सहयोग से लगाया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ये महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई है। सुई से लेकर 7 किलो तक का वजन उठाने में सक्षम।इस कृत्रिम हाथ के माध्यम से दैनिक कार्य जैसे वस्तुओं को पकड़ना, खाना, लिखना, डिजाइन जैसे कार्य आसानी से किए जा सकते हैं । इस कृत्रिम हाथ से बारीक चीजों के अलावा 7 किलो तक का वजन आसानी से उठाया जा सकता है। कोई चला सकेगा बाइक , तो कोई फिर पकड़ सकेगा पेन शिविर में आए सिरोंज निवासी नरेंद्र (परिवर्तित नाम) ने बताया कि दुर्घटना में हाथों को गंवाने के बाद वे बाइक नहीं चला पा रहे थे । कहीं आने जाने के लिए भी उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। इस हाथ से अब वह फिर अपनी गाड़ी को चला सकेंगे । साक्षी(परिवर्तित नाम) ने बताया कि वह अब कई सालों बाद फिर से पेन पकड़ सकेगी और लिख भी सकेगी। लाइट वेट और ईजी टू यूज़ है प्रोस्थेटिक्स हैंड्स ये हाथ फाइबर और रबर से बने होने के कारण वजन में हल्के और उपयोग में आसान है। उंगलियों को खोलने और बंद करने के लिए इसमें बटन दिए गए हैं। इन्हें निकालना और पहनना भी बेहद आसान है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि गैंग्रीन, कैंसर, रोड अथवा ट्रेन एक्सीडेंट, इलेक्ट्रिक शॉक, मशीन क्रश से एक या दोनों हाथ गंवाने वाले ऐसे लोग जिनके कोहनी से निचला हिस्सा नहीं है , उन्हें सरकार द्वारा ये सेवा निशुल्क दी गई है।

# जिला उमरिया: ग्राम पंचायत डोंगरी टोला में बवाल, दबंग ओमप्रकाश मिश्रा ने सरपंच को दी जातिसूचक गालियां, मारपीट का प्रयास

**चुनावी रंजिश और अवैध वसूली को लेकर हुआ विवाद; जनपद अधिकारियों के सामने ही की अभद्रता**



**उमरिया ।** जिले के इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरी टोला में दबंगई का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। यहाँ के वर्तमान सरपंच आशाराम चौधरी के साथ पंचायत भवन में ही न केवल अभद्रता की गई, बल्कि उन पर जातिगत टिप्पणी करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुरानी चुनावी रंजिश और अवैध धन उगाही से जुड़ा बताया जा रहा है।

सरकारी जांच के दौरान मचाया उत्पात प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 3ः30 बजे पंचायत कार्यालय में ग्राम सभा की बैठक के पश्चात जनपद पंचायत मानपुर के अधिकारी एक मामले की जांच कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम डोंगरी टोला निवासी ओमप्रकाश मिश्रा वहां पहुंचा और अचानक विवाद शुरू कर दिया। सरपंच का आरोप है कि आरोपी ने जांच प्रतिवेदन (रिपोर्ट) नहीं बनने देने के लिए हंगामा किया और सरकारी काम में बाधा डाली।

**जातिगत अपमान और हाथापाई**

सरपंच आशाराम चौधरी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ओमप्रकाश मिश्रा ने उन्हें सार्वजनिक रूप से जातिसूचक गालियां दीं और कहा कि ÷तुम्हारी सरपंची ज्यादा चढ़ गई है, तुम्हें ठिकाने लगा दूंगा।÷ इतना ही नहीं, आरोपी कुर्सी से उठकर सरपंच के साथ झूमाझपटी और मारपीट करने पर आमादा हो गया। वहां मौजूद ग्रामीण राकेश चौधरी, दीना कोल, रामभवन और रोजगार सहायक तीरथ साहू ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।

**हार की चिढ़ और पैसों की मांग**

शिकायत के मुताबिक, विवाद की जड़ 2022 के उप-सरपंच चुनाव में हुई आरोपी की हार है। सरपंच का आरोप है कि तब से ही पंच ओमप्रकाश उनसे रंजिश रखता है और आए दिन पैसों की मांग करता है। सरपंच ने दावा किया है कि उसके पास आरोपी द्वारा की गई अवैध मांग की वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है, जिसे साक्ष्य के तौर पर पुलिस को सौंपा जा रहा है।

**> कोट:** मैं अपने परिवार के साथ डरा हुआ हूँ। एक जन प्रतिनिधि के साथ इस तरह का व्यवहार और जातिगत अपमान बर्दाश्त के बाहर है। मैंने पुलिस से सुरक्षा और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।÷

– आशाराम चौधरी, सरपंच (ग्राम पंचायत डोंगरी टोला)

पुलिस ने आवेदन स्वीकार कर लिया है और गवाहों के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

# विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक उच्च शिक्षा मंत्री ने कुलगुरुओं से से चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश



राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक दक्षता और शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार को भोपाल स्थित एमपीटी पलाश रेसीडेंसी के सभागार में, मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 102वीं बैठक के लिए स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई, इसमें उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक के दौरान सभी कुलगुरुओं से विस्तार से चर्चा की तथा विश्वविद्यालयों को प्रशासनिक पारदर्शिता, समयबद्ध निर्णय प्रक्रिया और विद्यार्थी केंद्रित शैक्षणिक वातावरण विकसित करने पर बल दिया। कहा कि विश्वविद्यालयों का मुख्य लक्ष्य, विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए और इसी दृष्टि से सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियां संचालित की जानी चाहिए। बैठक में चर्चा उपरांत अनुशंसा की गई कि सभी विश्वविद्यालयों को अपने-अपने पी-एच.डी. कैलेंडर वेबसाइट पर अपलोड करना चाहिए ताकि विद्यार्थियों को समय पर समस्त जानकारी उपलब्ध हो सके। साथ ही, स्वयं पोर्टल पर अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे छात्र विभिन्न शैक्षणिक सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। स्थायी समिति की बैठक में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अकादमिक कैलेंडर के अनुमोदन, नवीन एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की संबद्धता शुल्क, विश्वविद्यालय कर्मियों की पेंशन व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए नए अध्यादेश, गैर-हिंदी भाषाओं में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स, वन नेशन वन सब्स्क्रिप्शन, अपार आईडी तथा डिजिटल शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श कर विभिन्न अनुशंसाएं की गईं। विश्वविद्यालयों द्वारा महाविद्यालयों से लिए जाने वाले संबद्धता शुल्क पर पुनर्विचार करने, स्वशासी महाविद्यालयों से किसी प्रकार का संबद्धता शुल्क न लेने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शोध केंद्रों की मान्यता के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम शुल्क निर्धारित करने की अनुशंसा की गई। इसके अतिरिक्त यह भी चर्चा हुई कि जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए माइक्रोबायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक्नोलॉजी जैसे विषयों में शोध केंद्रों संबंधी व्यवस्था बनाई गई है, उसी प्रकार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए भी समान व्यवस्था को मान्यता देने के लिए समन्वय समिति को अनुशंसा प्रस्तुत की जाये। गैर-हिंदी भाषाओं में संचालित पाठ्यक्रमों एवं स्वयं के पाठ्यक्रमों को विद्यार्थी द्वारा उत्तीर्ण करने पर अंकसूची में उसका स्पष्ट उल्लेख किए जाने की भी अनुशंसा की गई। बैठक में सभी कुलगुरुओं ने अपने-अपने विश्वविद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों, सुधारात्मक प्रयासों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की तथा शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। स्थायी समिति की समस्त अनुशंसाएँ विश्वविद्यालय समन्वय समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएंगी।मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बैठक के दौरान विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित जागरूकता-ब्रोशर का विमोचन भी किया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तैयार इस ब्रोशर में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों को सम्मिलित किया गया है। साथ ही, विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी भी इसमें दी गई है। ब्रोशर में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर विद्यार्थी एवं संस्थान माननीय सर्वोच्च न्यायालय के संबंधित निर्णयों की संपूर्ण जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकेंगे।

# देशभक्ति के रंग में रंगा नर्मदापुरम: तिरंगा यात्रा वाहन रैली में सैकड़ों युवा शामिल

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**





**नर्मदापुरम।** देश भक्ति की उमंग से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा वाहन रैली का आयोजन अनिल अहिरवार मित्रमंडली द्वारा नर्मदापुरम के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी जहां शहर के विभिन्न युवाओं द्वारा तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया राजेश चौहान ने बताया कि नर्मदापुरम गणतंत्र दिवस के जश्न की बात करें तो भारत के हर बच्चे बूढ़े और जवान में ख़ुशी ओर आनंद की लहर दौड़ पड़ती हैं, क्योंकि भारत 26 जनवरी 1950 को एक गणराज्य बना था जब संविधान लागू हुआ, यह दिन भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं, जब देश के ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त कर अपने संविधान को अपनाया था। जिसमें सूरज सन्तोरे,अजीत अहिरवार, राहुल अहिरवार, रवि कहार ,प्रताप वर्मा ,कपिल अहिरवार, दीपक पाल,नितिन यादव, विक्रम सूरज वर्मा, कृष्णा अहिरवार,शुभम बलिया, सोनू कुशवाहा, गौरव बाथम ,मोहित पटेल ,शुभम बोरासी ,तरुण सरवन, दीपक पाल ,पवन दबंग पटेल साहब ,मोनू गालर ,नितिन राजपूत, निशांत माहला ,आकाश जोशी, अमन जोशी, अभि ठाकुर राहुल चौरे, पूनम अहिरवार ,प्रदीप अहिरवार ,पंकज अहिरवार सुनील श्रीवास्तव,,सतीश अहिरवार,संदीप अहिरवार,मनोज अहिरवार हरिओम अम्बेडकर ,उद्देश्य यादव,नितेश अहिरवार, अभिषेक अहिरवार,पंछी अहिरवार ,दीपक अहिरवार,संदीप अहिरवार, विक्की बामने ,मनोज अहिरवार,शिवम गोलिया ,देवेंद्र अहिरवार ,विशाल गोलिया,अजय गोलिया,रामगोपाल गोलिया ,जसमन अहिरवार,आदित्य गोलिया ,राहुल अहिरवार, मनोज पथोरिया ,निखिल बामने, आशीष बामने, सचिन बामने ,अनुज मेहरा, अनिकेत भल्लवी, अमित अहिरवार, आशीष यादव ,आयुष, दीपक अहिरवार, सतीश अहिरवार, सोनू अहिरवार ,अमर धुर्वे ,अंकित बामने ,अभिषेक बामने, भगवानदास पथोरिया ,सुमित अहिरवार ,आकाश गुप्ता ,शुभम् ठाकुर ,रोहित परते ,ऋषभ रघुवंशी आदि सैकड़ों युवा सम्मिलित हुए ।

# राज्यमंत्री ने भोपाल में सेफ्टी काउंसलिंग मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित अवार्ड समारोह को संबोधित किया




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) कृष्णा गौर ने कहा कि उद्योग हमारे राष्ट्र के विकास की रीढ़ हैं और इनमें कार्यरत कामगारों की सुरक्षा सर्वोपरि है। राज्यमंत्री ने बुधवार को भोपाल में सेफ्टी काउंसलिंग मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। राज्यमंत्री ने कि औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि प्रत्येक उद्योग और प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज में सुरक्षित कार्य वातावरण न केवल श्रमिकों की जान बचाता है, बल्कि उत्पादन क्षमता और विकास को भी मजबूती देता है। सुरक्षा को बाधा के रूप में देखने की मानसिकता बदलनी होगी, क्योंकि यह किसी भी उद्योग की सतत प्रगति का आधार है। सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है और औद्योगिक संस्थानों को आधुनिक सुरक्षा मानकों, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित उद्योग ही मजबूत अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# गणतंत्रता दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**शाहगंज।।**

शासकीय हाई स्कूल खटपुरा में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया गया इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन शाला के वरिष्ठ शिक्षक श्री घनश्याम प्रजापति ने किया एवं शाला प्राचार्य श्री कप्तान सिंह चौहान द्वारा राष्ट्र ध्वज को फहराया गया शाला के पूर्व प्रभारी श्री सुरेश कुमार मेहर जी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे ढ्ढ ग्राम पंचायत के वरिष्ठ प्रतिनिधि सहित, सरपंच, रोजगार सहायक, सर्वजन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा अनुसूचित जाति उपाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी श्री गया प्रसाद अहिरवार उपस्थित रहे ढ्ढ शाला प्राचार्य ने बच्चों को भारतीय संविधान के बारे में बताया एवं वरिष्ठ शिक्षक श्री घनश्याम प्रजापति ने बताया कि हमारे संविधान में कौन कौन से मौलिक अधिकार है इस अवसर पर शाला के शिक्षक श्री दीनदयाल गौर, श्री महेश पालीवाल, श्री योगेश हनवंत, श्री रामभरोस वर्मा, श्री चरण सिंह बनाफर, श्री दीपक चौहान श्री अरविन्द कुमार अहिरवार, श्री बालकराम अहिरवार, श्री मति कीर्ति अहिरवार, श्रीमती ज्योति अहिरवार, कु रमा गौर, आदि उपस्थित रहे ।









### मौलिक अधिकार पर एक नुक्कड़ नाटक किया गया-

गणतंत्रता दिवस के अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा संविधान में मिले छः प्रकार के मौलिक अधिकार पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया नाटक के माध्यम से बताया गया कि हमे भारतीय संविधान में हमे समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध, धार्मिक स्वतंत्रता, संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार, एवं संवैधानिक अधिकारी है इस नुक्कड़ नाटक में आशा, रौनक, महक, मोनिका, रोशनी, प्रियंका, कनक, अंजलि, शुभांगी आदि छात्राएं ने भाग लिया ।

# सीनियर बालक छात्रावास उदयपुरा में गणतंत्र दिवस समारोह, अंबेडकर जी व शहीदों को किया नमन

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा। सीनियर बालक छात्रावास उदयपुरा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी एवं देश के अमर शहीदों को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ याद किया गया।

कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक श्री बैजनाथ इमने एवं छात्रावास सहयोगी श्री मथुरा प्रसाद की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व, देशभक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।



समारोह में छात्रावास के सभी छात्र उपस्थित रहे और देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया।

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम ।**

24 जनवरी 20 26 राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया जिसके तहत बालिकाओं ने श्रृंखला बनाई बालिकाओं को उनको प्राप्त अधिकारों की जानकारी दी गई बाल संरक्षण के अधिकारों की जानकारी दी गई नारी की गरिमा सुरक्षा और विकास के महत्व को समझाया गया छात्राओं ने नारे लगाए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे जी ने बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ाने के वर्तमान की आवश्यकता समझाते हुए कहा कि बेटियां देश के भविष्य को बनाती हैं कार्यक्रम अधिकारी डॉ ईरा वर्मा ने बेटियों को लगन मेहनत और परिश्रम के द्वारा सामाजिक दायित्वों की पूर्ति करते हुए देश और राष्ट्र निर्माण करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में डॉक्टर संजय चौधरी डॉक्टर कमल वाधवा डॉ राजीव द्विवेदी डॉक्टर सुनील दिवाकर तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे



# 26 जनवरी पर युवाओं ने निकाली विशाल वाहन रैली



हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**उदयपुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल वाहन रैली ÷ उदयपुरा में लगातार छटवे वर्ष विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री अभिज्ञान नरेन्द्र पटेल, ठा गिरजेश प्रताप सिंह राजपूत, ठा अवधेश प्रताप सिंह राजपूत उपस्थित रहे रैली सहीद स्मारक उदयपुरा से भारत माता की आरती कर प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए बौरस पहुंची वहाँ बौरास के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया रैली का उद्देश नगर के युवाओं में एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना उत्पन्न करना है इस अवसर पर उदयपुरा, सिलवानी, बरेली, देवरी, साईखेड़ा के सेकड़ो युवा उपस्थित रहे।

# MP वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने शहडोल जिला कार्यकारिणी का किया विस्तार, साहिल खान बने सचिव, कोमल प्रसाद कुशवाहा को मिली सह-सचिव की जिम्मेदारी

कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

**शहडोल।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ (MP Working Journalist Union) द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए शहडोल जिला इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस घोषणा के तहत जिले के सक्रिय, संघर्षशील और निष्पक्ष पत्रकारों को संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। संघ के इस निर्णय को जिले में पत्रकार हितों को मजबूती देने वाला कदम माना जा रहा है।

**साहिल खान को मिली सचिव की जिम्मेदारी, संगठन को मिलेगा नया नेतृत्व:** प्रांतीय नेतृत्व ने साहिल खान (संवाददाता - दैनिक क्राइम दर्पण) को उनकी निरंतर सक्रियता, निर्भीक लेखनी और पत्रकार हितों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए शहडोल जिला इकाई का सचिव नियुक्त किया है। धनपुरी निवासी साहिल खान लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्होंने हमेशा जनसमस्याओं, प्रशासनिक अनियमितताओं और सामाजिक सरोकारों को प्रमुखता से उठाया है। उनकी





नियुक्ति से संगठन को न केवल नया नेतृत्व मिला है, बल्कि युवा पत्रकारों को भी प्रेरणा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**कोमल प्रसाद कुशवाहा बने जिला सह-सचिव, जैतपुर क्षेत्र को मिला मजबूत प्रतिनिधित्व :** इसी क्रम में, कोमल प्रसाद कुशवाहा को जिला सह-सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। वे 'दैनिक लकी राजनीति' (जैतपुर) के संवाददाता के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

जैतपुर क्षेत्र में उनकी सशक्त पत्रकारिता, सामाजिक मुद्दों पर पकड़ और जनहित में निरंतर सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उनकी नियुक्ति से जैतपुर सहित ग्रामीण अंचलों के पत्रकारों की भागीदारी और आवाज़ और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है।

**पत्रकार हितों की लड़ाई को मिलेगी नई धार:** MP वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा, सम्मान और समस्याओं के समाधान के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को जिले में और अधिक मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है।

**बधाइयों का दौर, पत्रकारों में उत्साह :** नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा के बाद शहडोल जिले में पत्रकारों और सामाजिक संगठनों के बीच खुशी का माहौल देखा जा रहा है। जिले के वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। इस अवसर पर साहिल खान और कोमल प्रसाद कुशवाहा ने संगठन के प्रांतीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और साहस के साथ पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

# 77वां गणतंत्र दिवस कार्यक्रम हुआ संपन्न





कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

शहडोल - डूमरकछार/पौराधार - कार्यालय प्रांगण नगर परिषद डूमरकछार मे 77वां गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ मे मां भारती के छाया चित्र मे पुष्प सुमन अर्पित कर, दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि निकाय अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष कंचना मेहता मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर बिंझवार के मार्गदर्शन तथा अतिथि के रूप मे सभापति रवि सिंह, जीतेंद्र चौहान, रंजीत कुमार वर्मा, पार्षदगण डॉ. महेश चौहान, चंदा देवी महरा, सरिता यादव, राकेश दीवान व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । कार्यक्रम को आगे गति देते हुए अध्यक्ष श्री चौरसिया ने मुख्यमंत्री का वाचन किया ।

## बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पर दी मनमोहक प्रस्तुति

कार्यक्रम मे स्कूल के छात्र-छात्राए, नगर के बच्चो ने देश भक्ति गीतो पर नृत्य और गायन कर मनमोहक प्रस्तुति दी । रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नन्हें - मुन्हे बच्चो ने अतिथियों का मन मोह लिया । कार्यक्रम के समापन उपरांत पारितोषिक वितरण किया गया । गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभापति जीतेंद्र चौहान, पार्षद पति के.एन शर्मा, वरिष्ठ नागरिक विक्रमादित्य चौरसिया ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया । कार्यक्रम मे निकाय अध्यक्ष श्री चौरसिया ने अपने उद्बोधन के शुरुआत मे समस्त नगरवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी । उन्होंने आगे कहा कि गणतंत्र दिवस पर, आइए हम अपने नायकों के बलिदानों को नमन करें और उस एकता को अपनाएं जो हमारे राष्ट्र की पहचान है। सभी को गौरवपूर्ण और आनंदमय उत्सव की शुभकामनाएं। हमारे महान राष्ट्र की शक्ति और एकता का प्रतीक तिरंगा सदा ऊँचा लहराता रहे। भारत माता की जय जैसे नारो के साथ अपनी वाणी को विराम दिया ।

इस अवसर पर भाजपा नेता कमलेश चतुर्वेदी, धर्मेंद्र सिंह, सोनू कनौजिया, एसआईएसएफ जवान, नागरिकगण सुजीत पाण्डेय, संजीत दूबे, दीवाकर सिंह, भीम गुप्ता, बनफूल मिस्त्री, संधान ट्रस्ट के जयप्रकाश रवि, सुरेश यादव, परिषद के समस्त कर्मचारी समेत अन्य कई नागरिकगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कमलेश त्रिपाठी ने किया ।

# शासकीय हाई स्कूल कुदरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

राजू राय/शहडोल/कुदरी।

शहडोल/कुदरी - 26 जनवरी 2026 को शासकीय हाई स्कूल कुदरी में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशप्रेम के साथ मनाया गया। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्रों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि और अध्यक्षता

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कुदरी की सरपंच श्रीमती चंद्रवती सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सचिव श्री हेमराज कहार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप-सरपंच श्री दयाराम अहिरवार उपस्थित रहे। साथ ही, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार की गौरवमयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शानदार मंच संचालन और सांस्कृतिक छटा



कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री रामटहल रैदास द्वारा किया गया। स्कूल के प्राचार्य श्री विश्राम साकेत और माध्यमिक शिक्षक श्री राजरमन साकेत के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों और नृत्य के माध्यम से बच्चों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

समारोह को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ और पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा, जिनमें प्रमुख रूप से-

* शिक्षक गण- सूतेश्वर प्रसाद रैदास, राजेश अहिरवार, रामनरेश अहिरवार, रेशमी अहिरवार और श्रीमती उषा मैडम।
* आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य विभाग- अनीता अहिरवार, राजकुमारी अहिरवार और उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी।
* जनप्रतिनिधि व युवा- वार्ड पंच जमुना अहिरवार, रामराज अहिरवार, विनय त्रिपाठी, तुलसीदास, कपूरचंद, मूलचंद, हीरा लाल, चंद्रमा अहिरवार और लवकेश अहिरवार। * युवा साथी- अरुण अहिरवार, चंद्रेश अहिरवार और रामप्रसाद सिंह।

ग्रामीणों का सहयोग

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। गांव के प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं के सक्रिय सहयोग से यह राष्ट्रीय पर्व कुदरी में एक यादगार आयोजन के रूप में संपन्न हुआ।

# शहडोलः बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित किए जाने से आक्रोश, आजाद समाज पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

राजू राय/ जयसिंह नगर -

शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम सरवारी (मराठ टोला) में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से स्थानीय नागरिकों और अंबेडकरवादी संगठनों में भारी रोष व्याप्त है।

20 साल पुरानी प्रतिमा को पहुंचाया गया नुकसान आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने इस संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी (SDM) जयसिंहनगर को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि यह प्रतिमा पिछले लगभग 20 वर्षों से स्थापित थी और यह शहडोल जिले की प्रथम डॉ. अंबेडकर प्रतिमा होने के कारण गहरा सामाजिक और ऐतिहासिक महत्व रखती है।





**आजाद समाज पार्टी ने प्रशासन से निम्नलिखित माँगें की हैं**

घटना की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

खंडित प्रतिमा के स्थान पर जल्द से जल्द नई प्रतिमा स्थापित कराई जाए।

अंबेडकर स्थल से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

चेतावनी- पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा इस गंभीर विषय पर शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो अंबेडकरवादी संगठन और नागरिक धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**सुरक्षा की मांग:** मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसकी प्रतिलिपि थाना प्रभारी जयसिंहनगर को भी भेजी गई है, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार के सांप्रदायिक या सामाजिक तनाव को रोका जा सके।

# रामनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 किलो से अधिक गांजा व बाइक जब्त, आरोपी जेल भेजा गया

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर।**

अनूपपुर/ रामनगर। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। दिनांक 28 जनवरी 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना रामनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दुर्गेश महरा (24 वर्ष) निवासी बड़का मोहल्ला झिरिया चौकी केशवाही, थाना बुढ़ार, जिला शहडोल के कब्जे से 3.093 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये है, जप्त किया। इसके साथ ही एक काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रुपये बताई गई है, को भी साक्षियों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया।



आरोपी के विरुद्ध थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 28/26 धारा 8/20(B) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय अनूपपुर में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी, निरीक्षक सुमित कौशिक ने किया। कार्रवाई में उमेश तिवारी, सनत द्विवेदी, राहुल प्रजापति, अनुराग सिंह एवं अनुराग भार्गव की सराहनीय भूमिका रही।

रामनगर पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप का माहौल बना हुआ है।

# अपराध और नशे के खिलाफ युवा कांग्रेस का पैदल मार्च, कोतमा में एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

**अनूपपुर /जमुना कोतमा ।** कोतमा अनुविभाग क्षेत्र में लगातार बढ़ते अपराध, नशे एवं अवैध गतिविधियों के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा पैदल यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया गया। यह पदयात्रा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में भालूमाड़ा मजदूर चौक से प्रारंभ होकर एसडीओपी कार्यालय कोतमा तक पहुँची, जहाँ अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को ज्ञापन सौंपा गया




पदयात्रा के दौरान अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री, रेत चोरी, अवैध उत्खनन, सट्टा, गांजा तस्करी, गौ-तस्करी, चोरी, बलात्कार एवं हत्या जैसी घटनाओं को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मानवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि कोतमा अनुभाग क्षेत्र में अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम नागरिक, महिलाएं एवं युवा स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कई मामलों में केवल औपचारिक कार्यवाही कर अपराधियों के हौसले बढ़ाए जा रहे हैं। युवा कांग्रेस ने मांग की कि अवैध शराब, नशा, सट्टा, दलाली, अवैध उत्खनन, रेत चोरी, गांजा एवं गौ-तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त एवं ठोस कार्यवाही की जाए। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी पुलिस गश्त सुनिश्चित की जाए। अंत में चेतावनी देते हुए मानवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो युवा कांग्रेस को जनहित में आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी

इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष कोतमा नदीम अशरफी, संध्या वर्मा, बिलाल हुसैन, अमित सिंह, बिलाल खान, पंकज पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, रितेश सिंह, जयप्रकाश पाण्डेय, संदीप यादव, ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोतमा शिवम सराफ, सूर्य प्रताप सिंह, रोहन, रवि जयकार, अलकम, मक्कू दादा, राजा केवट, शनि केवट, विनोद, अशोक केवट, राजू, सनिल, वशीम सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवसः संकल्प और गौरव का महापर्वःराम जी प्रजापति

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा।ग्राम मनकापुर में मनाया बड़े धूमधाम से गणतंत्र दिवस पर्व जिसमें स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री हरि ओम विश्वकर्मा जी और अनार सिंह लोधी जी की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया जिसमें गांव के सभी गढ़मान्य जन उपस्थित रहे गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर राम जी प्रजापति जी ने मनकापुर में गणतंत्र दिवस के पावन पर्व के लिए बहुत ही प्यारे शब्द बोले उन्होंने बताया कि हर साल 26 जनवरी का दिन भारतीय जनमानस में नई उमंग और देशभक्ति का संचार लेकर आता है। यह केवल एक राष्ट्रीय अवकाश नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक क्षण की याद है जब 1950 में हमारे देश ने अपना संविधान अपनाकर खुद को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया था। आज के दिन हमारा तिरंगा शान से लहराकर हमें याद दिलाता है कि भारत की शक्ति उसके लोगों और उसके महान संविधान में निहित है।



## तिरंगा राष्ट की आत्मा है

गणतंत्र का अर्थ ही है– जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन। पिछले सात दशकों में भारत ने कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन हमारे मजबूत संवैधानिक ढांचे ने लोकतंत्र की जड़ों को कभी कमजोर नहीं होने दिया । रामजी प्रजापति जी ने बताया की सभी को देश के प्रति तिरंगे प्रति हमेशा सम्मान जनक भावना रखनी चाहिए।

# पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा में कैरियर मेले का दूसरा दिन, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को मिली नई प्रेरणा

**अनूपपुर/ भालूमाड़ा।** कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर ।

भालूमाड़ा। पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर में आयोजित कैरियर मेला 2026 के दूसरे दिन भी शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। दीप प्रज्वलन थाना प्रभारी भालूमाड़ा विपुल शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा अनूपपुर राजेश सिंह एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस अवसर पर थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सही कैरियर का चयन अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से ही संभव है। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा एवं सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में युवाओं के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हैं, इसके लिए लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक है जिला मीडिया प्रभारी भाजपा अनूपपुर राजेश सिंह ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है। विद्यार्थियों को कैरियर मेले से प्राप्त जानकारी का सही उपयोग कर अपने भविष्य की दिशा स्वयं तय करनी चाहिए वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा ने पत्रकारिता



एवं मीडिया क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्षेत्र जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी विद्यालय के प्राचार्य सतीश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैरियर मेला विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय विज्ञान, तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है, ऐसे में विद्यार्थियों को समय के अनुरूप स्वयं को तैयार करना चाहिए। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बाद उपलब्ध शैक्षणिक, तकनीकी और व्यावसायिक विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई कार्यक्रम के दूसरे दिन भी छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। मार्गदर्शन सत्रों से विद्यार्थियों को कैरियर चयन में स्पष्ट दिशा मिली। कैरियर मेला अपने उद्देश्य की पूर्ति की ओर सफलतापूर्वक अग्रसर है

# ग्रामोदय से अभ्युदय पखवाड़े अंतर्गत सेक्टर कार्यशाला संपन्न

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अंबाह/ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की सहयोगी नवांकुर संस्था सक्षम फाउंडेशन अंबाह द्वारा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती दिनांक 12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा जिसके तहत आज मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की सहयोगी नवांकुर संस्था सक्षम फाउंडेशन द्वारा सेक्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला की अध्यक्षता जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सतीश सिंह तोमर मुख्यातिथि श्री राम केश सिंह सिकरवार विशिष्ट अतिथि जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्री हरेंद्र सिंह तोमर मुख्य वक्ता सरस्वती शिशु मंदिर खड़ियाहार के प्राचार्य श्री कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे सर्व प्रथम मां सरस्वती वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित सभी अतिथियों वह प्रतिभागियों को बसत पंचमी तथा मां सरस्वती वह नेताजी के प्रगतोत्सव




दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की तत्पश्चात कार्यशाला की रूप रेखा साहित्यकार डॉ लाल सिंह किरार द्वारा प्रस्तुत करते हुए ग्रामोदय से अभ्युदय के विषय में विस्तार से चर्चा की गई तथा वक्ताओं द्वारा ग्रामोदय का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा भारत ग्रामों का देश, गांव भारत की आत्मा है और किसी भी शरीर को बलशाली होने के लिए उसकी आत्मा का मजबूत होना अति आवश्यक है यह हम को भली भांति समझना होगा तब जाकर हम ग्रामोदय की कल्पना को साकार कर सकेंगे और हमारे ग्रामोदय से अभ्युदय का सही अर्थ पा सकेंगे कार्यक्रम के अंत में सुरेंद्र सिंह तोमर द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की औपचारिक घोषणा की।

# श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला, ग्वालियर में सहारा हॉस्पिटल, महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा चिकित्सा परामर्श एवं सहायता केंद्र का ऊर्जा मंत्री द्वारा उद्घाटन किया गया

**ग्वालियर।**

सहारा हॉस्पिटल महलगांव सोफिया कॉलेज कैंपस सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा लगाये गये केंद्र का आज 22 जनवरी 2026 को श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला ग्वालियर में चिकित्सा परामर्श एवं सहायता केंद्र का म.प्र. शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। सहारा हॉस्पिटल के संचालक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ए.एस. भल्ला एम.एस., नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ तथा ग्वालियर चंबल संभाग के वरिष्ठ सर्जन द्वारा यह सुविधा मेला प्रांगण की छत्री नम्बर 2 दुकान क्रमांक 95, 96 पर मेला में आने वाले दर्शकों, सेलानियों तथा मेला के





कर्मचारियों के लिये निश्शुल्क की गई है। सहारा हॉस्पिटल ग्वालियर चंबल अंचल का एक मात्र सर्वोच्च हॉस्पिटल 1997 से अपनी सेवाएं दे रहा है। हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारियों तथा स्वास्थ्य बीमा धारकों का निश्शुल्क इलाज किया जाता है। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस ओ.टी. है तथा सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज 24 घंटे किया जाता है। बरसों से एमएलसी की सुविधा उपलब्ध है हॉस्पिटल में मरीजों एवं अटेंडरों तथा मरीज के साथ आने वालों को एवं दूर दराज से आने वाले मरीजों को लंगर की सुविधा भी उपलब्ध है जिसमें दोनों समय निश्शुल्क भोजन कराया जाता है। एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की बीमारियों कठिन से कठिन तथा सभी प्रकार की जांचों की सुविधा उपलब्ध है। ऊर्जा मंत्री ने सहारा हॉस्पिटल को ग्वालियर चंबल अंचल का बेहतरीन हॉस्पिटल बताया। इससे पहले मंत्री तोमर ने स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर दीप प्रज्ज्वलित किया तथा गणेश भगवान की प्रतिमा पर माला अर्पण किया। मंत्री श्री तोमर का सहारा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. ए.एस. भल्ला तथा डॉ. अशोक राजपूत सहित समस्त स्टाफ ने स्वागत किया। अंत में मंत्री श्री तोमर के साथ स्वल्पाहार किया गया।

# सहारा हॉस्पिटल महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा गोहद में स्वास्थ्य शिविर हुआ सम्पन्न

सहारा हॉस्पिटल महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा सर्वोदय विद्यालय गोहद में भारत विकास परिषद शाखा गोहद के सहयोग से निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर लगाया गया सिविल की ओपीडी में 85 मैरिज लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया इलाज के लिए 9 व्यक्तियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें से 7 लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित हुए जिनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन सर हॉस्पिटल वाले ग्वालियर में ऑपरेशन किया गया , 2 लोगों को मेडिसन के लिए ग्वालियर रेफर किया गया।

शिविर के अंत में भारत विकास परिषद शाखा गोहद द्वारा सहारा हॉस्पिटल की टीम को मोतियों की माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया स्मृति चिन्ह डॉ जवर सिंह अग्र , डॉ अशोक राजपूत , डॉ बलवीर सिंह राणा शामिल रहे डॉ जवर सिंह अग्र ने सहारा हॉस्पिटल के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला शिविर में जगदीश नामधारी , सचेन्द्र कांकर, लोहिया जी तथा भारत विकास परिषद की समूची टीम ने बहुत




सहयोग किया इसके लिए शाखा गोहद का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया स्मृति चिन्ह भेंट कार्यक्रम मे भारत विकास परिषद के आदरणीय प्रांत अध्यक्ष अमित जैन द्वारा शाखा गोहद के सेवा कार्यो की भूरि भूरि प्रशंसा की एवम सदस्यों को अपने उद्बोधन से प्रेरित किया तत्पश्चात प्रांतीय संस्कार प्रभारी श्री श्रवण पाठक द्वारा परिषद के कार्यो एवम उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परिषद एक परिवार के रूप मे मानवता की सेवा संस्कार के साथ करती है द्य अंत में सभी ने सामूहिक रूप से भोजन किया कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव श्री रविकांत गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे श्री अवधेश मौर्य, श्री के के शर्मा, श्रीमति रंजना गुप्ता ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की द्य कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सचिन काँकर, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, सचिव रविकांत गुप्ता, मीडिया प्रभारी विकास माहौर, संपर्क प्रमुख रामावतार गौर, जगदीश नामधारी, के के शर्मा, डॉ अनिल शर्मा, प्रदुम्न शर्मा, अरविंद राठौर, प्रवीण शर्मा, रंजना गुप्ता, अमिता गुप्ता महिला संयोजक शाखा गोहद, रामनरेश शर्मा, प्रमोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# चेक बाउंस मामले में ललितपुर कोर्ट का बड़ा फैसला

**ललितपुर।**

सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त मोहित चौरसिया को धारा-138 एन.आई. एक्ट के तहत एक वर्ष के साधारण कारावास और 20 लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। परिवादिनी कु.निकिता चौरसिया निवासी नदीपुरा ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था कि अभियुक्त मोहित चौरसिया ने उन्हें प्लॉट दिलाने के नाम पर कुल 16 लाख रुपये (10 लाख नकद और 6 लाख बैंक ट्रांसफर के माध्यम से) लिए थे। प्लॉट की रजिस्ट्री न होने और धनराशि वापस मांगने पर अभियुक्त ने 8-8 लाख रुपये के दो चेक (पंजाब नेशनल बैंक) जारी किए थे। जब परिवादिनी ने इन चेकों को बैंक में




लगाया, तो वे डिसओनर (बाउंस) हो गए। न्यायाधीश देवप्रिय सारस्वत ने मामले की गंभीरता और साक्ष्यों को देखते हुए अभियुक्त मोहित चौरसिया को दोषी पाया। अदालत ने अपने आदेश में निम्नलिखित दंड निर्धारित किए। सजा, एक वर्ष का साधारण कारावास। जुर्माना 20 लाख रुपये (बीस लाख रुपये) का अर्थदण्ड। प्रतिकर (मुआवजा), अर्थदण्ड की राशि में से 19 लाख रुपये परिवादिनी को बतौर मुआवजा दिए जाएंगे। अतिरिक्त प्रावधान, जुर्माना न भरने की स्थिति में अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अभियुक्त द्वारा पूर्व में अदा की गई 3,20,000 रुपये की राशि को इस अर्थदण्ड में समायोजित किया जाएगा। साथ ही, यदि अभियुक्त ने इस मामले के दौरान पहले जेल में कोई समय बिताया है, तो उसे मुख्य सजा की अवधि में घटाया जाएगा।










दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश कुमार अहिरवार
सह संपादक (युवा प्रदेश समाचार पत्र)
kkmasscomm@gmail.com
mo - 9425709472


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेश अहिरवार
ग्राम पंचायत चंदेला (सहायक सचिव)
kkmasscomm@gmail.com


भारतीय संविधान की महानता, लोकतंत्र की अजेयता
एवं देश की एकता और अखंडता को समर्पित
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक
शुभकामना
सुनीता सिंह
लेखपाल - नारी शक्ति संकुल संगठन सीधी


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शेषमणि पाल
ग्राम पंचायत कुबरा (सरपंच)
kkmasscomm@gmail.com


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
गुलाब सिंह
ग्राम पंचायत रिमार (सचिव)
kkmasscomm@gmail.com


भारतीय संविधान की महानता, लोकतंत्र की अजेयता
एवं देश की एकता और अखंडता को समर्पित
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक
शुभकामना
सुनीता साकेत
सचिव - नारी शक्ति संकुल संगठन सीधी


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक सिंह कवर
ग्राम पंचायत गोपालपुर (सरपंच)
kkmasscomm@gmail.com


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
देवेंद्र प्रताप सिंह
ग्राम पंचायत जगड़ा (सरपंच)
kkmasscomm@gmail.com


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
गुलाब सिंह
ग्राम पंचायत कुंदाटोला (सचिव)
kkmasscomm@gmail.com


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ लाल सिंह किरार
(वरिष्ट समाजसेवी)
kkmasscomm@gmail.com



दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार नामदेव
दरैन ग्राम पंचायत (सचिव)
kkmasscomm@gmail.com


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज गुप्ता
शिव कार बाजार (शहडोल)
kkmasscomm@gmail.com


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
रामस्वरूप कोल
ग्राम पंचायत नरगी (सरपंच)
kkmasscomm@gmail.com


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
ओमप्रकाश अहिरवार
ग्राम पंचायत मीठी (सचिव)
kkmasscomm@gmail.com























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)